संपादकीय

विपक्षी दलों की छींटाकशी और दुष्प्रचार

स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था करवाई जा रही है। इसके लिए डबल इंजन सरकार पैसा उपलब्ध करवा रही है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर यह कहा।

विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है, हर बच्चा योग्यता के अनुसार आगे बढ़े और राष्ट्र के विकास में योगदान करे। हर बच्चे को हम उत्तम शिक्षा देने को कृतसंकल्प हैं जिससे वे मजहबी शिक्षा तक न सीमित रहें, बल्कि हम उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। योगी ने समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक मॉडल पर सवाल दागते हुए इसे महज ढोंग ठहराया।

महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों की छींटाकशी और दुष्प्रचार पर उन्होंने कहा कि सपा सदस्यों का आचरण उपहास, विरोध और अंत में स्वीकृति के माध्यम से उजागर हो गया। गंगा जल की शुद्धता को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए योगी ने इसे अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया। अल्कलाइन पानी में महत्त्वपूर्ण खनिज संभावित लाभों के मद्देनजर मिले होते हैं।

हालाकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिबूनल को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा था कि गंगा-यमुना के पानी में तय मानकों से कई गुना ज्यादा फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया है जो स्नान तो क्या आचमन के योग्य भी नहीं है। परंतु इसको गंभीरता से लेने की बजाय कुतकरे द्वारा खारिज करने में राज्य सरकार समेत पूरा महकमा जुट गया है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि मुख्य विपक्षी दल होने के नाते सपा योगी सरकार को लगातार निशाने पर रखती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव विभिन्न मौकों पर सोशल मीडिया के जरिए योगी पर आरोपों की बौछार करने से चूकते नहीं। नामालूम कारणों से धन्यवाद भाषण में योगी अधिकतर इन्हीं आरोपों पर व्यंग्य बाण छोड़ते नजर आए। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हुए शोर-शराबे और टिप्पणियों को उन्होंने असवैधानिक बताया। जो सही भी है। जनता द्वारा चुने गए नुमाइंदों को अपनी बात रखने के लिए भाषाई मर्यादा और व्यवहार में लचीलापन रखना चाहिए। देखने में आया है कि विभिन्न विधानसभाओं ही नहीं संसद में भी विपक्ष का रवैया असंसदीय होता जा रहा है।

एफआईआई नहीं, घरेलू निवेशक तय करेंगे भारत का भविष्य : पीयूष गोयल

मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में कहा कि भारत का भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) नहीं, बल्कि घरेलू निवेशक तय करेंगे। उन्होंने इंडस्ट्री से छोटे निवेशकों के हितों की सुरक्षा करने और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) करीब 70 लाख करोड़ रुपये हैं और जल्द ही 100 लाख करोड़ रुपये हो जाएंगी, जो बाजार पर हावी होंगी।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) समिट 2025 में अपने संबोधन के दौरान गोयल ने कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित किया है और उद्योग और निवेशकों तक नए वित्तीय विचारों को पहुंचाकर भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

केंद्रीय मंत्री ने कोविड के बाद एफआईआई द्वारा पैदा की गई कमी को पूरा करने के लिए घरेलू निवेशकों की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने उपस्थित लोगों से कहा, घरेलू निवेशकों के साथ-साथ एसआईपी जैसे निवेश के तरीकों ने बाजार को सहारा दिया। उन्होंने देश के हर हिस्से में वित्तीय जागरूकता और वित्तीय उत्पादों को फैलाने में मदद की।

बड़े पैमाने पर फंड का प्रवाह और निवेशकों के बीच आकर्षक शेयरों को खोने का डर राइटसाइजिंग के दौरान निवेशकों के बीच संकट लेकर आया।

गोयल ने कहा कि बाजार की एकतरफा राह पर चलने की कभी न खत्म होने वाली क्षमता के बारे में बहुत सारी गलत सूचनाएं जारी हुई हैं। उन्होंने शेयर बाजार की अनिश्चितता को इंडस्ट्री और उसके छोटे निवेशकों के लिए एक वेक-अप कॉल बताया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि एएमएफआई को भी गुमराह निवेशकों को बाकी लोगों से अलग कर अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत होना चाहिए।

हाल की उथल-पुथल के दौरान भी हिम्मत वाली कंपनियों ने शेयर बाजार में उचित मूल्य बनाए रखा है।

गोयल ने कहा, बाजार के प्रति इंडस्ट्री के कर्तव्य और जिम्मेदारियां निवेशकों को अल्पावधि में मिलने वाले लाभदायक रिटर्न से कहीं अधिक हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी खर्च और निजी पूंजीगत व्यय में वापसी के संकेत मिल रहे हैं। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की अपने निवेशकों के प्रति जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताते हुए मंत्री ने प्रतिभागियों से निवेशकों को जोखिम लेने से सावधान करने में अधिक सतर्क रहने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने उम्मीद जताई कि इस तरह की पहल अगले 22 वर्षों के लिए भारत की विकास गाथा को गति देने में मददगार होगी।

शेयर बाजार निवेशकों को विशेषज्ञ की राय, दीर्घावधि अवसर पर ध्यान देने का यही सही समय

नई दिल्ली

बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, शॉर्ट-टर्म बिकवाली के बावजूद, मजबूत मैक्रो फंडामेंटल, आय वृद्धि और आकर्षक वैल्यूएशन ने मिलकर निवेशकों के लिए तात्कालिक अस्थिरता के बजाय दीर्घावधि अवसर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मौजूदा समय को महत्वपूर्ण बना दिया है।

मैक्रो फ्रंट पर स्थितियां स्थिर बनी हुई हैं। राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है, साथ ही कर कटौती से खपत बढ़ने की उम्मीद है। मुद्रास्फीति 4.31 प्रतिशत पर कम है और ब्याज दरों में कटौती शुरू हो गई है, जिससे आर्थिक विकास को समर्थन मिलना चाहिए।

कैपिटलमाइंड रिसर्च में कृष्णा अप्पाला ने कहा, घरेलू निवेशक म्यूचुअल फंड में लगातार पैसा लगा रहे हैं, जिससे विदेशी बिकवाली के दबाव को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। हालांकि बाजार के सटीक निचले स्तर को जान पाना मुश्किल है, लेकिन बहुत ज्यादा नेगेटिविटी अक्सर एक महत्वपूर्ण मोड़ का संकेत देती है।

वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में जीडीपी वृद्धि दर बढक़र 6.2 प्रतिशत हो गई, जबकि वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में संशोधित आंकड़ा 5.6 प्रतिशत था।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अब 6.5 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि 2023-24 के लिए आर्थिक विकास दर को संशोधित कर 8.2 प्रतिशत कर दिया गया है, जो 12 साल का उच्चतम स्तर है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के जीडीपी डेटा ने उम्मीदों को पूरा किया, जिसमें वित्त वर्ष के लिए मामूली संशोधन कर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया। कृषि क्षेत्र ने तीसरी तिमाही में स्थिर वृद्धि दर्ज की, जो खरीफ फसल में संभावित सुधार का संकेत देती है, जो ग्रामीण खपत को बढ़ावा दे सकती है।

न्यूजीलैंड को हराकर ग्रुप ए में नंबर 1 बनने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

दुबई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ग्रुप ए का आखिरी लीग मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है. दोनों टीमें पाकिस्तान और बांग्लादेश को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं. इस मैच का परिणाम ये निश्चित करेगा कि ग्रुप में टेबल टॉपर कौन होगा और सेमीफाइनल में किसके सामने ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका होगी. टॉस दोपहर 2 बजे होगा जबकि मैच की शुरूआत 2:30 से होगी.

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

विल यंग, डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, टॉम लाथम, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सेंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओरूर्के

देश की प्रमुख इंडस्ट्रीज की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 प्रतिशत रही

नई दिल्ली

देश की आठ प्रमुख इंडस्ट्रीज के संयुक्त सूचकांक में सालाना आधार पर जनवरी 2025 में 4.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

आंकड़ों के मुताबिक, सीमेंट, रिफाइनरी उत्पादों, कोयला, स्टील, फर्टिलाइजर और इलेक्ट्रिसिटी में साकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

इन आठ मुख्य इंडस्ट्री की औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में हिस्सेदारी 40.27 प्रतिशत है।

चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से जनवरी की अवधि में आठ प्रमुख इंडस्ट्रीज के संयुक्त सूचकांक की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 4.4 प्रतिशत पर रही है।

जनवरी में कोयला उत्पादन पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 4.6 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जनवरी 2024-25 तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत बढ़ा है।

पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन, जिसका सूचकांक में भार 28.04 प्रतिशत है, जनवरी 2025 में जनवरी 2024 की तुलना में 8.3 प्रतिशत बढ़ गया है। इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जनवरी 2024-25 तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.3 प्रतिशत बढ़ गया है।

जनवरी 2025 में फर्टिलाइजर उत्पादन में जनवरी 2024 की तुलना में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई क्योंकि इस वर्ष बेहतर मानसून के कारण रबी की बुआई में तेजी आई है।

स्टील उत्पादन, जिसका सूचकांक में भार 17.92 प्रतिशत है, जनवरी 2025 में जनवरी 2024 की तुलना में 3.7 प्रतिशत बढ़ गया। इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जनवरी 2024-25 तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.9 प्रतिशत बढ़ गया है।

चैंपियंस ट्रॉफी में 25 साल बाद भारत-न्यूजीलैंड आमने-सामने, रोहित तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

दुबई

रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का एक रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं, लेकिन यह मैच जो टीम जीतेगी वह ग्रुप ए में शीर्ष स्थान के साथ सेमीफाइनल में पहुंचेगी। इस मैच में टॉस की भूमिका अहम होगी।

भारतीय टीम में कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को खेलने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। टीम प्रबंधन दोनों खिलाड़ियों को आराम दे सकता है। देखने वाली बात होगी कि टीम इंडिया न्यूजीलैंड जैसे मजबूत प्रतिद्वंदी को देखते हुए विजयी संयोजन के साथ उतरती या प्लेइंग 11 में कुछ फेरबदल होते हैं।

कीवी टीम में अच्छे स्पिनर और एक मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप है, जिससे भारत के लिए मुकाबला आसान नहीं होने वाला। दोनों टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। फिर भी यह मुकाबला इसलिए अहम है क्योंकि ग्रुप की स्थिति में बदलाव हो सकता है जिससे सेमीफाइनल में खेलने वाले प्रतिद्वंदियों का निर्धारण होगा।

हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक 118 वनडे मुकाबले हो चुके हैं, जिनमें से भारत ने 60 और न्यूजीलैंड ने 50 मुकाबले जीते हैं। इसके अलावा, सात मुकाबले बिना किसी नतीजे के खत्म हुए हैं और एक मैच टाई रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में इन दोनों टीमों का केवल एक बार सामना हुआ है, जिसमें न्यूजीलैंड ने भारत को हराया था।

वनडे फॉर्मेट में भारत का पलड़ा न्यूजीलैंड पर भारी रहा है। वहीं, आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच कुल 11 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से पांच बार न्यूजीलैंड और पांच बार भारत ने जीत हासिल की है, जबकि एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज के मुकाबले में भारतीय टीम के लिए एक और खास बात यह है कि कप्तान रोहित शर्मा के पास दिग्गज सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोडऩे का मौका होगा।

विराट कोहली खेलेंगे अपना 300वां वनडे, 2017 में 200वें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ ही लगाया था शतक

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज का अपना अंतिम मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने जा रही है। यह विराट कोहली का 300वां वनडे मैच होगा। कोहली ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी अभूतपूर्व सफलता से एक नई मिसाल पेश की है और आज वह उन खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने 300 वनडे मैच खेले हैं। इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर के साथ ही कोहली की तुलना सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज से की जा रही है, जिन्होंने 463 वनडे मैच खेले थे और जो वनडे क्रिकेट के सबसे बड़े रिकॉर्डधारी हैं।

विराट कोहली ने 2017 में भी न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना 200वां वनडे मैच खेला था और इस मैच में उन्होंने शानदार शतक भी लगाया था। हालांकि, इस पारी के बावजूद भारत को हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट के 125 गेंदों में 121 रन की शानदार पारी के दम पर 280 रन का लक्ष्य न्यूजीलैंड को दिया था। इस पारी में विराट ने 9 चौके और 2 छक्के लगाए थे, लेकिन उनके अलावा भारत का कोई और बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सका। दिनेश कार्तिक 37 रन के साथ दूसरे सबसे बड़े स्कोरर थे। न्यूजीलैंड की टीम ने टॉम लैथम और रॉस टेलर के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ इस लक्ष्य को 49 ओवरों में हासिल कर लिया।

अब तक विराट कोहली ने 299 वनडे मैचों में 58.20 की औसत से 14,085 रन बनाए हैं, जिसमें 51 शतक और 73 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 93.41 रही है और उनका सर्वोच्च स्कोर 183 रन है। वह कुमार संगकारा और सचिन तेंदुलकर के बाद वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। सचिन तेंदुलकर ने 463 वनडे मैचों में 18,426 रन बनाए थे, जबकि कुमार संगकारा ने 404 मैचों में 14,234 रन बनाए।

आज का राशिफल

मेष: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, जिसे आप निराश नहीं करेंगे। आज आपको पिछले कुछ समय से किए गए प्रयासों का फल मिलने वाला है।

वृष: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा।

कर्क: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपमें पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे, वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है।

सिंह: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा।

कन्या: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको दूरसंचार से शुभ सूचना मिलेगी, इससे आपके परिवार में खुशियों का माहौल बन जायेगा। बच्चों से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है। आर्टस के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी काम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

धनु: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखनी है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे।

मकर: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज कुछ बड़ा और अलग करने की सोच सकते हैं।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी।

मीन: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर खास मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे।

विष्णु मंचू, अक्षय कुमार, प्रभास की फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज

❒ 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

साउथ स्टार विष्णु मंचू अपनी आगामी फिल्म कन्नप्पा को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. टॉलीवुड की सबसे बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक, कन्नप्पा का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है. यह न-वर्ल्ड पौराणिक ड्रामा अप्रैल 2025 में रिलीज होगी. रिलीज से लगभग 2 महीने पहले मेकर्स ने फिल्म का दूसरा टीजर जारी किया है, जो काफी दमदार है.

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियस एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर पर कन्नप्पा का दूसरा ऑफिशियल टीजर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, उन्होंने दिव्यता को आंखों से नहीं, बल्कि अटूट भक्ति से देखा. साहस, प्रेम और भाग्य की एक टाइमलेस सागा शुरू होती है.

टीजर की शुरुआत काली माता से होती है. टीजर में एक युद्ध की झलक दिखाई गई है, जिसकी अगुवाई विष्णु मंचू का किरदार, जिसका नाम थिनाणु है, कर रहे हैं. वह दुश्मनों के खिलाफ अपनी सेना तैयार कर रहे हैं. टीजर-2 में कई कलाकारों को झलक दिखाई गई, जिसमें काजल अग्रवाल मां पार्वती के किरदार में नजर आ रही है. वहीं, अक्षय कुमार को भगवान शिव और प्रभास को रूद्र के अवतार में दिखाया गया है.

गणेश आचार्य ने अनाउंस की नई फिल्म सिर्फ तुम

फिल्म इंडस्ट्री के सफल निर्माता-कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने नई रोमांटिक-एंटरटेनर फिल्म 'सिर्फ तुम' की घोषणा की है। प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म का निर्देशन दिग्गज दीपक शिवदासानी करेंगे। गणेश आचार्य के वी2एस प्रोडक्शन ने फिल्म की घोषणा करते हुए बताया कि वह बेहद उत्साहित हैं।

अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर करते हुए गणेश आचार्य ने कैप्शन में लिखा, मकर संक्रांति और पोंगल की शुभकामनाएं। इस शुभ दिन पर मैं पेश कर रहा हूं सिर्फ तुम एक अनोखी प्रेम कहानी। फिल्म की कहानी को दिग्गज दीपक शिवदासानी ने लिखा और निर्देशित किया है।दीपक को 'बागी', 'गोपी किशन', 'भाई' और 'कृष्णा' जैसी लोकप्रिय फिल्मों में उनके शानदार काम के लिए जाना जाता है। फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2025 के पहले सप्ताह में शुरू होगी। फिल्म की शूटिंग सिडनी और ऑस्ट्रेलिया में होगी। निर्माताओं ने योगदान के लिए निर्माता बोनी कपूर को भी धन्यवाद दिया है।

छावा ने तोड़ा पुष्पा 2 का रिकॉर्ड, बनी तीसरे शुक्रवार सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म, कलेक्शन 550 करोड़ के पार

विक्की कौशल और लक्ष्मण उटेकर की फिल्म छावा आधिकारिक तौर पर अपने तीसरे हफ्ते में प्रवेश कर गई है. पिछले 15 दिनों में, इसने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करके इतिहास रच दिया है. छावा 2025 में अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है. 15 दिनों के बाद फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखी गई है. राहत की बात है कि 15 दिनों के बाद भी विक्की कौशल की फिल्म डबल डिजिट में कमाई कर रही है. आइए जानते हैं कि छावा ने तीसरे शुक्रवार यानी रिलीज के 15वें दिन कितनी कमाई की है.

विक्की कौशल के पीरियड ड्रामा छावा को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 15 दिन हो गए हैं. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने छावा को लेकर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें लिखा है, छावा का विजय अभियान जारी है. छावा ने अपना सेंसेशनल रन जारी रखा है. और इसका इंप्रेसिव वीक 2 बिज इसके अनस्टॉपेबल मोमेंटम को प्रूफ करता है. यह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक है. सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि छावा का लाइफटाइम बिजनेस क्या होगा? ईमानदारी से, भविष्यवाणी करना बहुत जल्दी है. जबकि 500 करोड़ का आंकड़ा आसानी से हासिल किया जा सकता है, सप्ताह 3 के रुझान यह निर्धारित करेंगे कि यह 600 करोड़ को पार कर सकता है या नहीं. छावा के लिए एक बड़ा फायदा यह है कि ईद पर सिकंदर के आने तक इसे बॉक्स ऑफिस पर कोई बड़ी फिल्म की कड़ी टक्कर नहीं मिलने वाली है.

तरण आदर्श के मुताबिक, पहले सप्ताह में लक्ष्मण उटेकर निर्देशित फिल्म 225.28 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. जबकि दूसरे सप्ताह में फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखी गई.

शब्द सामर्थ्य- 343

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	र्जा	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

सू-दोकू- 343

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.342 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6